11. Director (O.L.), Railway Board, Member Secretary.

Members of Parliament

1. Shri Madan Tiwary, M.P.
2. Shri C. M. Sinha, M.P.
3. Shri Bhola Prasad, M.P.
4. Smt. Kumudben Joshi, M.P.

Non-Official Members

1. Shri Ganga Sharan Singh
2. Dr. Anuj Kumar Dhan
3. Shri Prabhat Shastri
4. Shri G. P. Nene
5. Shri Bashir Ahmed Mayukh
6. Shri Sachidanand Hiranand Vatsyayan.
7. Shri Badri Vishal Pitti
8. Dr. Bhola Nath Tiwari
9. Shri Vijay Deo Narayan Sahi
10. Dr. Namvar Singh
11. Shri Virendra Kumar Bhattacharya
12. Shri Kamlesh Shukla.
13. Shri Sarveshwar Dayal Saxena
14. Shri Narayan Dutt
15. Shri Kishan Patnaik
16. Dr. Raghubansh
17. Shri A. Ramesh Choudhary
18. Shri Nirmal Varma
19. Dr. Dauji Gupta
20. Dr. Ramesh Kuntal Megh
21. Prof. Ramesh Chandra Shah.

फल, मिठाइयां तथा चाय के स्टाल

5594. **श्री एच० एल० पी० सिन्हा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार प्रत्येक जंकशन पर फल मिठाइयां तथा चाय के स्टाल चलाने के लिये स्वाधीनता सेनानियों के बेरोजगार स्नातक बच्चों को ठेका देने का है ; और

(ख) यदि हां तो कब और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री शिव नारायण) : (क) और (ख). खानपान/वेंडिंग के ठेकों के आवंटन में बेरोजगार स्नातकों तथा स्वतन्त्रता सैनानियों की सहकारी समितियों को पहले से ही वरीयता दी जा रही है । खानपान/वेंडिंग के ठेकों के आवंटन में मुख्य ध्यान यात्रियों को संतोषजनक सेवा प्रदान करने का रहता है । इसलिए उम्मीदवारों में आवश्यक अनुभव वित्तीय स्थायीत्व आदि का होना अपेक्षित है । इसलिए स्वतन्त्रता सैनानियों के प्रत्येक बेरोजगार स्नातक बच्चे को वरीयता देना सम्भव नहीं है ।

रेल टिकटों की बिक्री

5595. **श्री एल० एच० पी० सिन्हा :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार राज्य में गया जिले में जहानाबाद कोर्ट स्टेशन पर रेल टिकटों की बिक्री गया और पटना के बीच के स्टेशनों पर टिकटों की बिक्री की तुलना मे अधिक है ;

(ख) क्या सरकार का विचार जहानाबाद कोर्ट स्टेशन पर प्रथम श्रेणी के रिटायरिंग रूम और पेय जल की टंकी/उपरली टंकी की व्यवस्था करने का है और यदि हां, तो कब तक ; और

(ग) क्या जहानाबाद सब डिवीजन है और सभी न्यायालय स्टेशन के निकट स्थित हैं ?